SC

[A-19] Seat No.: __________ No. of printed pages: 2

SARDAR PATEL UNIVERSITY
S. Y. B. A. (External) Examination
12th May 2016 (Thursday)
2.30 pm – 5.30 pm
HIN 204 : HINDI LITERATURE (PRINCIPLE AND SUBSIDIARY)
हिन्दी कथा साहित्य – IV

कुल अंक : १००

नोट: हिन्दी में शिरोरेखा लगाना अपेक्षित है ।

प्र. १ ससंदर्भ व्याख्या कीजिए । (१८)

(क) ''आदमी दो बूँद गंगाजल के लिए तरसता है, और यहाँ तो सड़कों तक की गंगाजल से धुलाई होती है । इस शहर को छोड़कर मैं नहीं जाऊँगा, मैंने तभी सोच लिया था ।''

अथवा

(क) ''शायद पाकिस्तान का निर्माण ही सही होगा । लोगों को बदलना बहुत मुश्किल दिखता है ।''

(ख) ''पैंतीस साल का आदमी बूढ़ा नहीं कहलाता, अगर लड़की के भाग्य में सुख भोगना बदा है तो जहाँ जायेगी सुखी रहेगी, दुःख भोगना है तो जहाँ जायेगी दुःख झेलेगी ।''

अथवा

(ख) ''यह मैं जानती हूँ कि अगर उसके मन में पाप होता तो मैं उसके लिए सब कुछ कर सकती थी ।''

(ग) ''जब उन्हें होश आया, ड्योढ़ी का परदा आँगन में सामने पड़ा था परंतु उसे उठाकर फिर से लटका देने का सामर्थ्य उनमें शेष न था । शायद अब इसकी आवश्यकता भी न रही थी । परदा जिस भावना का अवलम्ब था वह मर चुकी थी ।''

अथवा

(ग) ''लोग भी क्या कहेंगे कि रिफ्यूजी बच्चा दुकान करने लगा तो दिल आत्मा भी बेचकर खा गया ।''

प्र. २ 'कलिकथा वाया बाइपास' उपन्यास की समीक्षा कीजिए । (१६)

अथवा

प्र. २ 'कलिकथा वाया बाइपास' उपन्यास की समस्याओं पर प्रकाश डालिए । (१६)

प्र. ३ 'निर्मला' उपन्यास के आधार पर बाबू तोताराम का चरित्र-चित्रण कीजिए । (१६)

अथवा

प्र. ३ 'निर्मला' उपन्यास की प्रासंगिकता पर प्रकाश डालिए । (१६)

प्र. ४ 'अकेली' कहानी की विशेषताएँ लिखिए । (१६)

अथवा

प्र. ४ 'पिता' कहानी के आधार पर पिता का चरित्र-चित्रण कीजिए । (१६)

प्र. ५ टिप्पणी लिखिए । (१६)

(क) कहानीकार जयशंकर प्रसाद **अथवा** उपन्यासकार जयशंकर प्रसाद

(ख) कहानीकार जैनेन्द्रकुमार **अथवा** उपन्यासकार अमृतलाल नागर

प्र. ६ निम्नलिखित में से **१८** प्रश्नों के अति संक्षिप्त उत्तर लिखिए । (१८)

(१) अलका सरावगी की दो कहानियों के नाम लिखिए ।
(२) बाबरी मस्जिद ध्वस्त में कौन मारा जाता है?
(३) किशोर बाबू बाइपास के बाद किस उम्र में आ जाते हैं?
(४) 'द ग्रेट केलकटा कीलिंग' की उपमा किस से दी गई है?
(५) 'जानकीदास तेजपाल मेन्सन्स' उपन्यास किसका है?
(६) गिगिया किशोर बाबू की क्या लगती है?
(७) अमोलक किसका मित्र है?
(८) प्रेमचंद का प्रारम्भिक नाम क्या था?
(९) मुँशी तोताराम के कितने बेटे थे?
(१०) मतई ने किसकी हत्या की थी?
(११) निर्मला की बेटी का क्या नाम था?
(१२) निर्मला की सहेली का क्या नाम है?
(१३) तोताराम की बहन का क्या नाम है?
(१४) प्रेमचंद पर गुलज़ार ने कौन सा धारावाहिक बनाया है?
(१५) 'अकेली' कहानी के लेखक कौन हैं?
(१६) 'हत्यारे' कहानी के लेखक कौन हैं?
(१७) 'एक गौ' कहानी के लेखक कौन हैं?
(१८) 'नारंगियाँ' कहानी के लेखक कौन हैं?
(१९) यशपाल की दो कहानियों के नाम लिखिए ।
(२०) कमलेश्वर की दो कहानियों के नाम लिखिए ।
(२१) रवि की पत्नी का क्या नाम है?